रेलटेलकॉर्पोरेशनऑफ़इंडियालिमिटेड (भारतसरकारकाउपक्रम)
RailTel Corporation of India Ltd. (A government of India Enterprise)
www.railtelindia.com

Dated: 09.06.2022

..प्रेस नोट

केन्द्रीय वित्त मंत्री और मुख्य मंत्री, गुजरात ने आज 9 जून, 2022 को गांधीनगर, गुजरात में 'राष्ट्र निर्माण और केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम' विषय पर एक वृहद प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।

इस प्रदर्शनी का आयोजन सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा किया गया।

यह आयोजन आज़ादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार की एक पहल आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM) के तहत किया जा रहा है।

रेल मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-1)" रेलटेल द्वारा एक स्टॉल लगाकर इस प्रदर्शनी में भागीदारी की गई, जहां इसकी सेवाओं और परियोजनाओ के बारे में दर्शाया गया है।

श्रीमति अरुणा सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और श्री संजय कुमार, निदेशक (नेटवर्क प्लानिंग एवं मार्केटिंग), रेलटेल ने सीईओ-राउंडटेबल बैठक में हिस्सा लिया, जिसमें 'आत्मनिर्भर भारत के लिए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भूमिका' पर विचार-विमर्श हुआ। यह बैठक प्रदर्शनी के साथ-साथ आयोजित की गई।

. . . .

केन्द्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट मामले मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण और मुख्य मंत्री, गुजरात श्री भूपेंद्र पटेल ने आज 9 जून, 2022 को महात्मा मंदिर, गांधीनगर, गुजरात में 'राष्ट्र निर्माण और केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम' विषय पर एक वृहद प्रदर्शनी का उद्‌घाटन किया।

इस प्रदर्शनी का आयोजन सार्वजनिक उद्यम विभाग (DPE), वित्त मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के सहयोग तथा स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइज़ (SCOPE) के समन्वय से किया गया। यह आयोजन आज़ादी के 75 वर्ष पूरा होने के उपलक्ष्य में भारत सरकार की एक पहल आज़ादी का अमृत महोत्सव (AKAM) के तहत किया जा रहा है। प्रदर्शनी 10 से 12 जून तक आम जनता के लिए खुली रहेगी।

प्रदर्शनी में आत्मनिर्भर राष्ट्र के लिए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के योगदानों को दर्शाया गया। रेल मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम एक "मिनी रत्न (श्रेणी-1)" रेलटेल द्वारा एक स्टॉल लगाकर इस प्रदर्शनी में भागीदारी की गई है, जहां इसकी सेवाओं और परियोजनाओ के बारे में दर्शाया गया है। दर्शाई गई परियोजनाओं में, स्टेशन वाई-फाई प्रोजेक्ट, अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली, रेलवे डिस्प्ले नेटवर्क और वीडियो सर्विलांस सिस्टम शामिल हैं। साथ ही यहां रेलटेल की विशेषताओं और विभिन्न सेवाओं को प्रदर्शित किया गया है, जैसे : ई-ऑफिस, एचडी विडियो कॉन्फ्रेंसिंग सर्विसेज, सिक्योरिटी ऑपरेशन सेंटर, रेलवायर ब्रॉडबैंड, लीज्ड लाइन, वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क, इंटरनेट लीज्ड लाइन, कंसल्टेंसी सर्विसेज, सिगनलिंग सर्विसेज, रेक एवं स्पेस कोलोकेशन, टावर कोलोकेशन, वॉइस कैरेज के लिए एनएलडी और आधार बेस्ड सर्विसेज आदि। इस स्टॉल की विशेषता राष्ट्र निर्माण में रेलटेल के योगदान को प्रदर्शित करना है। रेलटेल

द्वारा भारतीय रेलवे के लगभग समस्त रेलवे स्टेशनों पर फ्री वाई-फाई इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराई गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में रेलटेल द्वारा ब्रॉडबैंड सुविधा की व्यवस्था की जा रही है। पब्लिक वाई-फाई सिस्टम की व्यवस्था में प्रधानमंत्री वाई-फाई एक्सेस नेटवर्क इंटरफ़ेस (PM-WANI) प्रोजेक्ट में भी रेलटेल की भागीदारी है। रेलवे स्टेशनों पर आने वाली जनता के लाभार्थ रेलटेल द्वारा रेलवे स्टेशनों पर कॉमन सर्विस सेंटर स्थापित करने में भी सहायता प्रदान की जा रही है। रेलवे के अलावा, रेलटेल द्वारा कोयला, रक्षा और शिक्षा के क्षेत्रों में भी सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।

श्रीमति अरुणा सिंह, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक और श्री संजय कुमार, निदेशक (नेटवर्क प्लानिंग एवं मार्केटिंग), रेलटेल ने उद्घाटन समारोह में भागीदारी की। बाद में उन्होंनें रेलटेल का स्टॉल भी देखा। दोनों अधिकारियों ने सीईओ-राउंडटेबल बैठक में भी हिस्सा लिया, जिसमें 'आत्मनिर्भर भारत के लिए केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों की भूमिका' पर विचार-विमर्श हुआ। यह बैठक प्रदर्शनी के साथ-साथ आयोजित की गई। रेलटेल विभिन्न अन्य मुद्दों जैसे सीएसआर इत्यादि पर आयोजित हो रही कार्यशालाओं में भी शामिल होगा।

रेलटेल के बारे में

रेल मंत्रालय के अधीन केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम एक " मिनी रत्न (श्रेणी-1)" रेलटेल, देश के सबसे बड़े न्यूट्रल टेलिकॉम इनफ्रास्ट्रक्चर प्रदाताओं में से एक है जिसका पैन-इंडिया आप्टिक फ़ाइबर नेटवर्क देश के अनेक नगरों एवं शहरों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से होकर गुजरता है। 61000 से अधिक ओप्टिक फ़ाइबर के एक सशक्त और विश्वसनीय नेटवर्क के साथ-साथ, रेलटेल विभिन्न क्षेत्रों में एक नॉलेज सोसाइटी के सृजन का कार्य कर रहा है और टेलीकॉम के क्षेत्र में भारत सरकार के लिए विभिन्न मिशन-मोड प्रोजेक्ट के क्रियान्वयन के लिए इसका चयन हुआ है। रेलटेल द्वारा अनेक सेवाओं जैसे एमपीएलएसवीपीएन, टेलीप्रेजेंस, लीज्ड लाइन, टावर को-लोकेशन, डाटा सेंटर सर्विसेस इत्यादि भी प्रदान की जाती हैं। रेलटेल द्वारा भारतीय रेल के साथ मिलकर पूरे देश में रेलवे स्टेशनों पर पब्लिक वाई-फाई की व्यवस्था करते हुए रेलवे स्टेशनों को डिजिटल हब में बदलने का कार्य किया जा रहा है और 6100 से भी अधिक स्टेशन रेलटेल के रेलवायर वाई-फाई के साथ लाइव हैं।

अधिक जानकारी के लिए देखें :
railtel.pr@railtelindia.com